<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- सड़क निर्माण में उपयोगी जैव–बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बना भारत। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दी बधाई। कहा–पराली जलने से होने वाले प्रदूषण को कम करने में मददगार होगी यह पहल।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में निर्माणाधीन गोरखपुर–पिपराइच फोरलेन मार्ग और रैन बसेरों का किया निरीक्षण। ठंड से बचाव के लिए हर जिले में रैन बसेरे बनाने का दिया निर्देश।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–दो हजार छब्बीस के लिए चयनित प्रदेश के प्रतिभागियों से किया संवाद। कहा– भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का वैश्विक स्तर पर प्रसार समय की आवश्यकता ।
- माघ मेला क्षेत्र में पॉलिथीन के इस्तेमाल पर लगा पूर्ण प्रतिबंध ।

**********

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत वाणिज्यिक रूप से सड़क निर्माण में उपयोगी जैव–बिटुमेन उत्पादन करने वाला विश्व में पहला देश बन गया है। नई दिल्ली में श्री गडकरी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों और औद्योगिक अनुसंधान परिषद–सीएसआईआर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पहल पराली के जलने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण को कम करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि जैव–बिटुमेन विकसित भारत दो हजार सैतालीस के दृष्टिकोण की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है।

**बिटुमेन में आपने काम किया हमारा अभी रिक्वायरमेंट अभी हंड्रेड लाख टन के ऊपर किये और उसमें से 50 प्रतिशत केवल कैपेसिटी हमारी इंडियन रिफाइनेंस की है और 50 प्रतिशत इंपोर्ट है। यह कॉस्ट 25 से 30 हजार करोड़ होती है और इसलिए स्वाभाविक रूप से हमारा 30 हजार करोड़ का अगर इंपोर्ट बचेगा तो देश के इकोनॉमी के लिए कितना बड़ा कंट्रीब्यूशन होगा। रॉ मैटेरियल कौन सा अवेलेबल कौन से एरिया में, उसके आधार पर रिसर्च करना चाहिए और यह रिसर्च जो है यह अगर होगा तो सामूहिक रूप से वहां का जीवन भी सस्टेनेबल डेवलपमेंट के साथ अच्छी तरीके से आगे जाएगा जिससे डोमेस्टिक हैप्पी ह्यूमन इंडेक्स पड़ेगा।**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि को हासिल करके भारत स्वच्छ और हरित राजमार्ग के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में निर्माणाधीन गोरखपुर–पिपराइच फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर शहर के बरगदवा और राप्ती नगर में रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठंड से बचाव के लिए हर जिले में रैन बसेरे बनाने, कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

***सभी जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर कदम उठाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। हर जनपद में व्यापक पैमाने पर रैन बसेरा बनाने, जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र और कंबल वितरण करने, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए निर्देश भी दिए गए हैं। गोरखपुर महानगर के अंदर कुल 19 रेन बसेरे वर्तमान में संचालित हैं। यह सभी रेन बसेरे सुरक्षित हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य पद पर भर्ती के लिए अप्रैल दो हजार पचीस में हुई परीक्षा को निरस्त करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने यह फैसला परीक्षा में हुई अनियमितता और अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाओं की पुष्टि होने के बाद लिया। श्री योगी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को निर्देशित किया है कि इस परीक्षा का आयोजन शीघ्र ही, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

**********

उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक कल लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण, उत्थान एवं विकास से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। एक रिपोर्ट

**बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी रूप से पहुंचे। आयोग ने निर्णय लिया कि इन योजनाओं के शत–प्रतिशत लाभ की स्थिति का जनपदवार मूल्यांकन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में अन्य पिछड़े वर्ग को नियुक्ति एवं शैक्षिक प्रवेश में आरक्षण प्रदान किए जाने से संबंधित प्राप्त शिकायतों, कुम्हार जाति के लोगों को पट्टे दिए जाने से जुड़ी समस्याओं के साथ विभिन्न जातियों के सम्मिलन एवं निष्कासन से संबंधित प्राप्त प्रत्यावेदनों पर भी विचार हुआ। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल उन्तीसवें राष्ट्रीय युवा उत्सव 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–दो हजार छब्बीस' में प्रतिभाग के लिए चयनित प्रदेश के प्रतिभागियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं का वैश्विक स्तर पर प्रसार समय की आवश्यकता है। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने इस मौके पर कहा कि उत्सव के दौरान युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। यंग लीडर्स डायलॉग दस से बारह जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के उन्यासी युवा हिस्सा लेंगे।

**********

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में पॉलिथीन के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। मेला प्रभारी ऋषिराज ने बताया कि मां गंगा की जलधारा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए माघ मेला क्षेत्र में प्लास्टिक से निर्मित सामग्री प्रतिबंधित कर दी गई है। इस बीच, मेले में पहुंच रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। प्रयागराज के अपर आयुक्त अजय पाल ने बताया कि पूरे मेला परिसर की इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के जरिए निगरानी की जा रही है।

***इस समय माघ मेला जो चल रहा है, जिसमें हमारे जो आई ट्रिपल सी है, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर है, इसमें हमारे जो पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, हमारा वायरलेस सिस्टम एज वेल एज जो हमारे सीसीटीवी कैमरा है जिसमें एआई एनेबल्ड कैमरा है या हमारे ड्रोन है, सभी की फील्ड को यहां पर इंटीग्रेट किया गया है और यहां से जो मेले का हर कोना–कोना है, वहां पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसको मल्टीपल सेक्टर सब सेक्टर्स में डिवाइड किया गया है। जहां पर चौबीसों घंटे हमारे कर्मचारी लगातार उन पर वॉच करते हैं।***

माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के साथ ही देशी विदेशी पर्यटकों के मनोरंजन के लिए प्रशासन ने यमुना नदी में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की भी दोबारा शुरुआत की है।

**********

वीर बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में रांची से रवाना हुआ साइक्लोथॉन दल कल फतेहपुर पहुंचा। दस सदस्यीय यह दल सोलह जनवरी को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेगा। रैली का नेतृत्व कर रहे एनसीसी के कर्नल अनिल कुमार ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा द्वारा देश की आजादी में दिए गए योगदान को जन जन तक पहुंचाना है।

**इस रैली का उद्देश्य है, महान स्वतंत्रता सेनानी जिनको झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के नाम से भी जानते हैं, उनके बारे में जन जागृति पैदा करना है। यह साल उनके जन्म का 150वां साल है। 16 जनवरी को दिल्ली पहुंचेंगे, उसके बाद वहां हमने कुछ कार्यक्रम में हिस्सा लेना है और 28 जनवरी को एनसीसी की परेड में एक प्राइम मिनिस्टर्स रैली होती है, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी आएंगे। उसमें हम उनको स्मृति चिन्ह भेंट करके बिरसा मुंडा जी का इस रैली को समाप्त करेंगे।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम, 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही वे परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से एक बार फिर बातचीत करेंगे।

**********

वाराणसी में चल रही बहत्तरवीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के चौथे दिन उत्तर प्रदेश का दबदबा कायम रहा। महिला वर्ग के मुकाबले में यूपी की टीम ने पंजाब को हराते हुए जीत की हैट्रिक लगाई। वहीं पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश ने मणिपुर को एकतरफा मुकाबले में मात दे दी।

**********

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण प्रदेश के न्यूनतम तापमान में आई गिरावट से कड़ाके की ठंड का प्रभाव बना हुआ है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज से लेकर तेरह जनवरी तक पूरे प्रदेश में कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********